दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 227 • मुंबई, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • नि: शुल्क •

## मतदान के लिए किया प्रेरित

### राष्ट्र हित में मतदान अवश्य करें



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिले के ख्यातनाम कलाकार चंद्र प्रकाश चित्तौड़ा ने लोकतंत्र के महापर्व मतदान दिवस के अवसर पर विभिन्न कलाकृतियां बनाकर पात्र मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित किया है। कलाकार ने चावल की ईवीएम और वोट की स्याहीलगी उंगली का प्रतीक चिन्ह बनाकर सभी को लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। कलाकार चितौड़ा ने सूक्ष्म पुस्तिका में लोकतंत्र की महिमा का गुणगान भी किया है

### कैनवास कपड़े पर स्लोगन लिखकर दिया मतदान का संदेश

**उदयपुर।** जिले में मतदान दिवस से एक दिन पूर्व स्वीप गतिविधियों के तहत विविध आयोजन हुए। जिसमें कई रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मतदान अवश्य करने का संदेश दिया। शहर के सेंट्रल पब्लिक स्कूल एवं रॉकवुड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रैली 100 मी कैनवास कपड़े पर स्लोगन लिखकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# लोकसभा आम चुनाव 2024 : 26 को सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

# लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मुस्तैद प्रशासन, अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने गंतव्य को रवाना हुए मतदान दल

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत उदयपुर जिले में मतदान शुक्रवार, 26 अप्रैल की सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा जो सायं 6 बजे तक चलेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद है और जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल के निर्देशन में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है।





### मतदान दल गन्तव्य को रवाना

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतदान दलों का तृतीय एवं अंतिम प्रशिक्षण गुरुवार को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय परिसर के आर्ट्स कॉलेज के भवन व ग्राउण्ड पर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक औवेस अहमद राणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी जितेन्द्र ओझा, कार्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी कीर्ति राठौड़, एनआईसी के तकनीकी निदेशक मजहर हुसैन सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारी मौजूद थे। मतदान दलों के गन्तव्य तक पहुंचने तक कलक्टर पोसवाल के नेतृत्व में पूरी टीम ने लगातार मॉनिटरिंग की। इस दौरान रूट चार्ट के अनुसार सब दलों की रवानगी और पहुंच की पल-पल की जानकारी भी ली जा रही थी।

जिला निर्वाचन अधिकारी पोसवाल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और वहां स्थापित विभिन्न काउंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सफल मतदान के लिए समस्त दायित्वों का भली भांति निर्वहन के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दल के कार्मिकों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### मतदान दिवस पर अवकाश

जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदान दिवस 26 अप्रेल, शुक्रवार को उदयपुर जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही संसदीय क्षेत्र के निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार अथवा व्यवसाय के नियोजको को मतदान कार्यक्रमानुसार उनके संस्थान में नियोजित व कार्यरत प्रत्येक कामगार को (जिनमें आकस्मिक कामगार भी सम्मिलित है) मतदान दिवस सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं।

### स्काउट गाइड, एनसीसी व एनएसएस के वॉलिंटियर्स देंगे सेवा

राज्य निर्वाचन विभाग से जारी गाइड लाइन के अनुसार मतदान दिवस के अवसर पर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग एंव वृद्धजन के सहयोगार्थ प्रत्येक बूथ पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, एनसीसी व एनएसएस के दो-दो वॉलिंटियर्स सेवाएं देंगे। मतदान केन्द्र पर विशेष योग्यजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आदरपूर्वक बूथ तक सुगमता पूर्वक पहुंवाने की व्यवस्था करेगे।

### ये प्रत्याशी है चुनावी मैदान में

लोकसभा आम चुनाव के तहत उदयपुर संसदीय क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ताराचंद मीणा, बहुजन समाज पार्टी के दलपतराम गरासिया, भारतीय जनता पार्टी के मन्नालाल रावत, भारत आदिवासी पार्टी के प्रकाशचंद्र, इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के राजेंद्र कुमार,, निर्दलीय प्रत्याशी कानजी डामोर, प्रभुलाल व डॉ सविता कुमारी अहारी चुनाव मैदान में है।

### 12 अन्य वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखा कर भी कर सकेंगे मतदान

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र हो। आयोग की ओर से लगभग सभी मतदाताओं को पहचान पत्र जारी भी कर दिए गए हैं। आयोग की पहली प्राथमिकता है कि मतदाता बूथ पर मतदाता पहचान पत्र के साथ ही पहुंचे। इसके बावजूद यदि किसी मतदाता के पास किन्हीं कारणों से मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं हो और उसका नाम लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में अंकित हो तो उसे मतदान से वंचित नहीं किया जाएगा। इसके लिए आयोग ने 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों की अनुमति दी है। इनमें से कोई भी दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने बताया कि इन 12 दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल हैं।

### कलक्टर-एसपी ने की अधिक से अधिक मतदान की अपील

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिए गए मिशन 75 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने की अनुपालना में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने सभी मतदाताओं को मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से आह्वान किया कि हम सभी को संवैधानिक दायित्व निभाकर लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने भी सभी नागरिकों से मतदान करने की अपील की है एवं कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है, सभी मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# नकाबपोश बदमाशों ने मासूम की गर्दन पर चाकू रख मां से किया रेप

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत डूंगरपुर शहर में एक कॉम्प्लेक्स में रहने वाली महिला, जो चौकीदारी का काम करती थी, से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया. बीती रात बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों में से एक ने महिला के बच्चे को चाकू की नोक पर रखकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया. महिला ने अपने डेढ़ साल के मासूम की जान बचाने के लिए बिना चिल्लाए चुपचाप अपने साथ होती रही दरिंदगी को बर्दाश्त किया. कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. विवाहिता महिला, जो डूंगरपुर शहर के शास्त्री कॉलोनी में रहती है, उसने पिछले 6 साल से चोकीदार का काम किया है. वही इसी कॉम्प्लेक्स में बने चोकीदार के कमरे में वह अपने पति और डेढ़ साल के बच्चे के साथ रहती है. उसका पति ट्रक पर खलासी का काम करता है. बुधवार रात विवाहिता कमरे के बाहर बरामदे में अपने बच्चे के साथ सोई हुई थी। रात करीब 11 बजे बाइक सवार नकाबपोश दो युवक आए और युवकों ने उसे जगाकर चाकू दिखाया। बदमाशों ने चिल्लाने पर बच्चे को जान से मारने की धमकी दी। इससे महिला डर गई। इसके बाद दो में से एक युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और कुछ देर बाद दोनों युवक वहा से भाग गए।कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# सलूम्बर पुलिस के जवान को मिला 6 माह का लावारिस नवजात

पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** जिले के जयसमन्द क्षेत्र में करोडिया वन क्षेत्र में गुरुवार को सलूम्बर पुलिस के जवान कांस्टेबल शैतान सिंह बियोला को एक नवजात शिशु मिला जोकि लावारिस अवस्था में मिला। सीएससी झाड़ोल में प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया पूर्ण कर उचाधिकारियो के निर्देशानुसार बाल कल्याण समिति उदयपुर में संपर्क करके नवजात को बाल कल्याण गृह पहुंचाया गया। सलूम्बर पुलिस के इस जवान का पदमावत मीडिया कर्तव्य एवं जीवदया हेतु आभार और धन्यवाद व्यक्त करता है।



कांस्टेबल शैतान सिंह बियोला



# मतदान दल पहुंचे बूथों पर, संभाली व्यवस्थाएं

## अलसुबह प्रत्याशियों के अभिकर्ताओ की उपस्थिति में होगा मॉक पोल

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण का मतदान सम्पन्न कराने के लिए अंतिम प्रशिक्षण के बाद जिला मुख्यालय से रवाना हुए मतदान दल देर शाम तक अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच गए। दलों ने केंद्र की व्यवस्थाएं संभालते हुए मतदान पूर्व की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। दलों ने बूथ के 200 मीटर दायरे की मार्किंग कराई। साथ ही बूथ पर भाग संख्या, मतदातों की संख्या का अंकन, ईवीएम-विविपेट से मतदान करने के तरीके को प्रदर्शित करते पोस्टर आदि भी यथास्थान चस्पा कराए। मतदान कक्ष में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की।

सभी सेक्टर ऑफिसर्स ने भी अपने अधीन बूथों पर दलों के पहुंचने और आवश्यक व्यवस्था प्रारम्भ करने की टोह लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तक पहुंचाई।

मतदान शुक्रवार सुबह 7 बजे से प्रारम्भ होगा। इससे पूर्व अधिकृत अभिकर्ता की उपस्थिति में मोकपोल होगा।

इधर , मतदान दलों के पहुंचने पर सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारी, बुथ लेवल अधिकारी और संस्था प्रधान आदि ने दलों के भोजन, रात्रि विश्राम के लिए बिस्तर इत्यादि की व्यवस्था की।

### सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान





पोलिंग पार्टी। जिला मुख्यालय से रवाना हुए मतदान दल अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर कार्य संभालते हुए।

थीम आधारित मतदान केंद्र है आकर्षक का केंद्र, विशेष साज-सज्जा मतदाताओं को लुभाएगी

लोकसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को होने वाले वाले मतदान के लिए उदयपुर संसदीय क्षेत्र में विभिन्न विधानसभावार थीम आधारित विशिष्ट मतदान केंद्र तैयार किये गए है जहाँ की विशिष्ट साज-सज्जा मतदाताओं को आकर्षित करेगी, इन सभी मतदान केंद्रों पर खास सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है जहां मतदाता सेल्फी ले सकेंगे। उदयपुर शहर में ग्रीन एवं पिंक थीम आधारित मतदान केंद्रों में आरएमवी शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जगदीश चौक शामिल है। इसी प्रकार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलीचा एवं राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय सवीना शामिल है। वहीं उदयपुर विकास प्राधिकरण ने भी शहर में विद्या भवन कॉलेज साइफन चौराहा, रियान इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 14 एवं जवाहर नगर स्थित साधु भवन मतदान केंद्रों पर विशेष साज-सज्जा की है।





कोरेटेड पोलिंग स्टेशन। थीम आधारित मतदान केंद्र पर की गई विशेष साज-सज्जा

# महिलाएं, युवा व दिव्यांगजन संभालेंगे मतदान की कमानए हर विधानसभा क्षेत्र में आठ-आठ सखी और युवा बूथ बनाए

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग कटिबद्ध है। इसके लिए आयोग की ओर से कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आठ-आठ सखी और युवा बूथ तैयार किए जा रहे हैं। वहीं एक विशेष बूथ दिव्यांगजन के लिए रहेगा। इन बूथों का संचालन संबंधित श्रेणी के मतदान दल ही करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन विशेष बूथ को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

### महिलाएं संभालेंगी सखी बूथों पर मतदान की कमान

उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए महिलाओं की निर्वाचन में भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने हर विधानसभा क्षेत्र में 8-8 सखी बूथ स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। इनमें उन बूथों को प्राथमिकता दी गई है, जहां महिला वोटर की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। इन बूथों पर नियोजित होने वाले पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल में सभी कार्मिक महिलाएं ही रहेंगी। इसके अलावा इन बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा भी यथासंभव महिला सुरक्षाकर्मियों ही संभालेंगी। गोगुन्दा विधानसभा में महत्मा गांधी दायां भाग (उच्च प्राथमिक परिसर खटीकों का मोहल्ला), महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कमरा नंबर 23, राउमावि चाटियाखेड़ी, राउमावि दायां भाग लोयरा, राउमावि दायां भाग थूर, राउमावि बायां भाग चिकलवास, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) मध्य भाग बड़गांव व राबाउमावि बायां भाग बडगांव तथा झाडोल विधानसभा क्षेत्र में राउमावि बायां भाग मोहम्मद फलासिया, राउमावि बायां भाग गोराणा, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कमरा नंबर 24 झाडोल, राउमावि गोदाणा दायां भाग, राउमावि बायां भाग खाखड़, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बायां भाग मगवास, राउमावि दमाणा मगवास दायां भाग व राउमावि बायां भाग सुल्तानजी का खेरवाड़ा महिला बूथ रहेंगे। इसी प्रकार खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में राउमावि भाणदा नया भवन कमरा नंबर 1, राउमावि नयागांव कमरा नंबर 2, राउमावि छाणी कमरा नंबर 2, राबाउमावि खेरवाड़ा, राउमावि ऋषभदेव कमरा नंबर 2, राउमावि कमरा नंबर 1 कल्याणपुर, राउमावि सेमारी कमरा नंबर 1 व राउमावि टोकर कमरा नंबर 2, उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में रियान इंटरनेशनल स्कूल दायां भाग सेक्टर नंबर 14, राबाउमावि कमरा नंबर 7 सवीना खेड़ा, गायत्री सेवा संस्थान पब्लिक विद्यालय कमरा नंबर 1 हिरण मगरी सेक्टर 6, बोहरा यूथ पब्लिक स्कूल कमरा नंबर 2 खांजीपीर, राप्राविं कमरा नंबर 6 शोभागपुरा, राउमावि कमरा नंबर 4 रकमपुरा, राउमावि दायां भाग कानुपर व राउमावि दायां भाग एकलिंगपुरा महिला बूथ रहेंगे।



इसी प्रकार उदयपुर विधानसभा क्षेत्र में सेंट मेरिज कोन्वेंट उमावि इन्फेट ए न्यू फतेहपुरा उदयपुर, राजकीय गुरू गोविन्दसिंह उमावि कमरा नंबर 14 चेतक सर्कल, मास्टर किशनलाल वर्मा राउमावि कमरा नंबर 6 अंबामाता, माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय कमरा नंबर 14 देहलीगेट बाहर, राबाउमावि कमरा नंबर 3 आयड़, भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर कॉलेज कमरा नंबर 2 कॉलेज रोड, राबाउमावि कमरा नंबर 3 जगदीश चौक व सैफी सेकेण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल कमरा नंबर 5 देहली गेट, मावली विधानसभा क्षेत्र में राउमावि कमरा नंबर 15 एवं 25 मावली, राबाउमावि कमरा नंबर 1 एवं 2 मावली, राउमावि डबोक उत्तरी भाग एवं दक्षिणी भाग, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय डबोक बायां एवं दायां भाग, वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में राउप्रावि उदाखेड़ा, राउप्रावि सराय, राउमावि महाराज की खेड़ी उत्तरीभाग एवं दक्षिणी भाग, राउमावि टूस डांगीयान दायां भाग एवं बायां भाग, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) रावलीपोल भीण्डर व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) कुराबड़ तथा सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में राउमावि वीरपुरा दायां भाग, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गिंगला दायां भाग, राउमावि केजड बायां भाग, राउमावि सराड़ा दायां भाग, राबाउमावि सलूम्बर, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गांधी चौक सलूम्बर बायां भाग, राउमावि सलूम्बर दायां भाग व राउमावि सेरिया बायां भाग सखी बूथ रहेंगे।

### युवा बूथ पर 40 वर्ष से कम आयु के कार्मिक

निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची में शामिल वोटर्स में भी युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव आयोग ने सखी बूथ की तर्ज पर यूथ बूथ बनाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। हर विधानसभा में 8-8 बूथ का चयन कर लिया गया हैं। इन बूथ पर नियोजित होने वाले मतदान दलों में यथासंभव 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के कार्मिकों को ही शामिल किया जाएगा।

### करधर बावजी के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

# खटीक समाज के वैवाहिक युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन मई में

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर ।** जिले के नेडज गांव में करधर बावजी के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा गुरुवार को सम्पन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा पूर्व पूरे गांव में महिला द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो पूरे गांव में भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पर पहुंची।

जहां करधर बावजी की प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। जिसमें श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थान शंकरलाल चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संस्थापक शंकरलाल चौहान ने आगामी मई माह में खटीक समाज के वैवाहिक युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन कराने की घोषणा की। वहीं आगामी बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह के पंजीयन शुरु कर दिए है। मंदिर मण्डल के मोहनलाल डिडवानिया ने बताया कि इस अवसर पर श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरलाल चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री सीपी चौहान, रतन खिंची, राजेश निमावत, जय निमावत, शंकरलाल गोगुन्दा, राजू चन्देरिया, सुरेश खिंची, कन्हैयालाल खिंची, दिनेश खिंची चन्द्रप्रकाश खिंची, किशन चावला, मांगीलाल चावला, मिठालाल चावला, रवि डिडवानिया, निलेश डिडवानिया, कमलेश डिडवानिया आदि मौजूद रहे।

# सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता" पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन

## सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा को लागू करना ही हमारी प्राथमिकता

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल विश्व विघालय,पेसिफिक विश्वविधालय, यूनिवर्सिटी एसोसिएशनऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज एवं राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान,ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में "सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता" पर चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मोरबी से पधारे डॉ.जयंती भाई भाडेसिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचीन स्वास्थ्य प्रणाली पर विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा को लागू करने हेतू हमारी प्राथमिकता बहुत ही महत्वपूर्ण है। हमारे प्राचीन विज्ञान की महत्ता के बारे में बताते हुए उन्होने कहा कि हमें आधुनिक विज्ञान के साथ साथ सामजस्य बैठाना चाहिए जिससें निचले स्तर के लोगों को स्वास्थ्य सेवा पहुँच सके। चरक संहिता एवं सुश्रुत संहिता का उदाहरण देते अपने चिकित्सकीय जीवन में अनुकूल परिवर्तन लाने पर जोर दिया।

डॉ.भाडेसिया ने कहा कि चिकित्सक एवं चिकित्सा से जुड़े लोगों को जीवन का लक्ष्य केवल अर्थ प्राप्ति न होकर सेवा भाव के साथ चिकित्सा कार्य में प्रवृत्त होकर अपने आचार एवं व्यवहार से रोगी की श्रेष्ठ भाव चिकित्सा करनी चाहिए। इस दौरान डॉ.पुष्पकांत शाकद्वीपी ने ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट एंड रोल ऑफ़ इमोशनल इंटेलिजेंस इन मैनेजिंग हेल्थकेयर सर्विसेज पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होने कहा कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता स्वयं की, दूसरों की और समूहों की भावनाओं को पहचानने के साथ ही मूल्यांकन करने और प्रबंधित करने की क्षमता और कौशल का वर्णन करती है। साथ ही भावनात्मक बुद्धिमत्ता इस बात को प्रभावित करती है कि हम अपने व्यवहार को कैसे प्रबंधित करते हैं, सामाजिक परिस्थितियों से कैसे निपटते हैं और परिणाम प्राप्त करने के लिए क्या निर्णय लेते हैं।उन्होने बताया कि सफलता के लिए स्वयं को विकसित करने की प्रेरणा रखना,खुद को बेहतर बनाने का संकल्प और आत्मविश्वास,विभिन्न समस्याओं और स्थितियों के अनुकूल ढलने में सक्षम होना, समस्याओं को समझना और उनको प्रभावी तरीके से हल करने के लिए निर्णय लेना प्रबन्धन का नियम है। इस अवसर पर चेयरमेन यूनेस्को एमजीआईईपी एवं गौतमबुद्ध विश्वविधालय ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति डॉ.भगवती प्रकाश शर्मा ने कहा कि सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा एक नई शुरूआत है साथ ही भविष्य में इसे बढ़ावा देना ही हमारी प्राथमिकता रहेगी।

इस दौरान ओरिएंटेशन कार्यक्रम के नॉलेज पार्टनर एवं राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान,ग्रेटर के डॉयरेक्टर डॉ.(ब्रिगे.)राकेश गुप्ता ने अपने विडियों संदेश के माध्यम से कहा कि इस कार्यक्रम में निहित उद्धेश की पूर्ति हो एवं दोनो संस्थान भविष्य में मिल कर कार्य करे ताकि चिकित्सा जगत शोधों पर कार्य किया जा सके। उन्होने आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिम्स नोएडा को इस कार्यक्रम में सहभागी वनाने पर आभार व्यक्त किया। प्रो.वीसी.डॉ.संगीता चैहान ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बाहर से पधारे सभी स्पीकर,लेखक,प्रतिभागियों एवं संकाय सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में निःसंदेय चिकित्सा जगत की सभी विधाए साथ मिल कर कार्य करे तो चिकित्सा जगत का उत्थान एवं मरीजो की सम्पूर्ण देखरेख और उत्तम स्वास्थ मिल सके। इस दौरान पीएमयू के प्रिसिडेन्ट डॉ.एम. एम. मंगल, पीएमयू के चेयरमेन के सलाहकार डॉ.ए.पी.गुप्ता ने सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहें।

# सिवाना सेवा समिति अहमदाबाद द्वारा मुमुक्षु भीकीदेवी जवाहरलालजी चोरड़िया का अभिनंदन

पद्मावत मीडिया



**अहमदाबाद ।** सिवाना सेवा समिति अहमदाबाद द्वारा गढ़सिवाना निवासी अहमदाबाद प्रवासी मुमुक्षु भीकीदेवी जवाहरलालजी चोरड़िया का अभिनंदन दि. 24 अप्रैल 2024 को उनके निवास स्थान पर किया गया जिसमे उपस्थित सभी सदस्यों ने संयम पथ गामिनी भीकीदेवी की खूब खूब अनुमोदना की जो 80 वर्ष की आयु में परमात्मा भाषित सर्व विरती मार्ग की ओर अग्रसर होने जा रहे है। भीकीदेवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला है व काफी वर्षो से उन की दीक्षा लेने की भावना थी जो अब साकार होने जा रही है । दीक्षा 28 अप्रैल को अहमदाबाद में पूज्य आचार्य भगवंत रविशेखर सूरीश्वरजी महाराज की शुभ निश्रा में आयोजित होगी । उल्लेखनीय है की भीकीदेवी के पुत्री ने भी दीक्षा ग्रहण की हुई है व साध्वीजी मृदुयशाश्रीजी म.सा. के रूप में जिनशासन को गौरवान्वित कर रही है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमित बालड़, सचिव मुकेश चौपड़ा, कोषाध्यक्ष रणजीत कानूंगा, पूर्व अध्यक्ष रमेश बागरेचा, उपाध्यक्ष दिलीप बागरेचा, मनीष मेहता, सह कोषाध्यक्ष सुरेश बागरेचा, बोर्ड सदस्य ललित रांका, कमलेश बागरेचा आदि उपस्थित थे ।

### विश्व मलेरिया दिवस पर जागरुकता रैली का हुआ आयोजन




पद्मावत मीडिया

**सलूंबर ।** विश्व मलेरिया दिवस के तहत एनएनएम प्रशिक्षण केन्द्र सलूम्बर में जागरूकता रेली का आयोजन किया गया एवं मलेरिया के प्रभावी नियंत्रण की शपथ दिलाई गयी एवं "हर रविवार सुखा दिवस मनाना है, डेगु एवं मलेरिया को दुर भगाना है" के स्लोगन के साथ नारे लगाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर डॉ जे. पी. बुनकर ने बताया कि आज विश्व मलेरिया दिवस के तहत मलेरिया क्रश प्रोग्राम कार्यक्रम के दौरान अप्रेल माह के अन्तर्गत जिला सलूम्बर मे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 639 टीमे कार्य कर रही है जिनके द्वारा 98344 घरो का सर्वे किया गया एवं कुल कन्टेनर जॉच 88210 किये गये इनमे से 27014 को उपचारित किया गया कुल 1572 जगह टेमिफोस, 2780 जगह एमएलओ, 65 जगह फोकल स्प्रे किया गया, सर्वे के दौरान जिले मे 1839 बुखार के रोगी पाये गये जिनकी ब्लड स्लाईड लेकर तुरन्त उपचारित किया गया। मलेरिया जागरूकता रेली के दौरान उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेन्द्र लौहार एवं मलेरिया निरीक्षक श्री लक्ष्मण दास वैरागी एवं एनएनएम प्रशिक्षण केन्द्र सलूम्बर के प्रधानाचार्य श्री राजकुमार मीणा एवं अन्य नर्सिंग ट्युटर उपस्थित थे।

# "मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में निभाएं अपनी भागीदारी, सबसे पहले मतदान बाद में सभी काम"

## जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने मतदाताओं से की मतदान की अपील

पद्मावत मीडिया



**सलूंबर ।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत जिले में आज मतदान दिवस 26 अप्रैल को सवेरे 7 बजे से सांय 6 बजे तक सभी मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने की अपील की है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि आज मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले भर के मतदान केन्द्रों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। मतदान केन्द्रों पर महिला, वृद्ध व विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए अलग कतार की व्यवस्था, मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर, विशेष योग्यजन मतदाताओं की सहायता के लिए स्वयंसेवक एवं मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पेयजल, रोशनी व शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित गर्मियों के मौसम को देखते हुए मतदान केन्द्रों पर छाया के लिए भी समुचित व्यवस्था की गई है।

इसी के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कर्मचारियों, कामगारों व श्रमिकों हेतु भी संबंधित संस्थानों एवं कार्यालयों को मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश देने के निर्देश प्रदान किये गए है। मतदान केन्द्र पर सांय 6 बजे तक पहुंच जाने वाले प्रत्येक मतदाता का मतदान सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने वीडियो मैसेज के जरिए सभी मतदाताओं से आज अपने बूथ पर जाकर मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह से शामिल होने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मतदाता वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 अन्य दस्तावेज से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। हम सभी संकल्प लें कि मतदान दिवस पर हमारी पहली प्राथमिकता मतदान करना हो।

# पीड़ित प्रतिकर स्कीम की बैठक में 9 प्रकरण निस्तारित

## पीड़ित एवं उनके आश्रितो को 11 लाख 30 हजार के अंतरिम पीडित प्रतिकर के अवार्ड पारित

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर।** माननीय सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला एवं सैशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष चंचल मिश्रा की अध्यक्षता में पीड़ित प्रतिकर स्कीम की बैठक आयोजित हुई। बैठक में न्यायाधीश गोपाल बिजोरिवाल, मनीष अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट अंकुश भदोरिया, एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष भरत जोशी, राजकीय अभिभाषक कपील टोडावत एवं जिला पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़ितों के परिजनों व आश्रितों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये पृथक-पृथक राशि स्वीकृत की गई, जो उनके बचत खातों में जमा कराने तथा एफडीआर करवाने के लिए निर्देशित किया गया। बलात्संग, हत्या, एसिड अटैक एवं पोक्सों के प्रकरणों में पीडित प्रतिकर के तहत मुआवजा राशि पीडित एवं पीडित पक्षकार के आश्रितों को दी जाती है।

# आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के अधिकारी ने किया आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय का निरीक्षण

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर।** आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, जयपुर के अधिकारी एवं जिला प्रभारी महेन्द्र कुमार हावा ने गुरूवार को संयुक्त निदेशक उदयपुर एवं गिर्वा में ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उदयपुर जिला सांख्यिकी कार्यालय के संयुक्त निदेशक पीयूष कुमार भण्डारी ने विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया। उदयपुर जिला प्रभारी महेन्द्र कुमार हावा ने विभाग के सभी अधिकारियां एवं कार्मिको के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली एवं जिले के विभागीय कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो के शत-प्रतिशत समाधान एवं आरटीआई पर एक भी आवेदन लम्बित नहीं होने पर विभागीय अधिकारियां की सराहना की। निरीक्षण में जनआधार योजना संबंधी समस्या समाधान, प्रकाशन, एसडीजी, एएसआई, स्थानीय निकाय लेखे, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण, ई-ग्राम, कृषि समंक, फसल कटाई प्रयोग एवं संस्था आधार आदि विभागीय कार्यों पर चर्चा कर प्रगति रिपोर्ट ली गई। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी मुकेश भुषण शर्मा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुश्री नीतू चौबीसा, सांख्यिकी निरीक्षक लक्ष्मी लाल मेघवाल, गिर्वा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी बनवारी लाल बुम्बरिया एवं अन्य सांख्यिकी कार्मिक उपस्थित रहे।

### नव विवाहित दूल्हा-दुल्हन को नहीं लगना पड़ेगा कतार में

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मिशन 75 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल के निर्देशन में प्रभावी प्रयासों के साथ कई नवाचार किये गये है।स्वीप प्रभारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर नव विवाहित दूल्हा-दुल्हन को भी दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन के समान ही कतार में नहीं लगने की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिले की सभी विधानसभाओ के मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा एवं सुगम मतदान हेतु हर मतदान केंद्र पर क्यू आर कोड लगाये गए है। प्रत्येक बूथ पर हैप्पी अवर्स अर्थात प्रात 7 से 9 बजे तक में लॉ वोटर टर्नआउट वाले बूथ पर पहले 25 एवं अन्य बूथों के पहले 20 मतदाताओं को सीईओ राजस्थान की ओर से प्रिंटेड प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। साथ ही हर मतदान केंद्र पर क्यू आर कोड लगेंगे जिनको स्कैन कर दूल्हा-दुल्हन, नव पंजीकृत मतदाता, परिवार तीन पीढ़ी, यूथ आदि की सेल्फी अपलोड करने पर प्रमाण पत्र एवं विशेष सम्मान दिया जाएगा।

## एनसीसी, एनएसएस वालंटियर्स करेंगे मतदाताओं का सहयोगए, मतदान कर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले मतदाताओं की सैल्यूट करेंगे स्काउट-गाइड

### उदयपुर के 2 हजार 265 मतदान केंद्रों पर 4 हजार 530 स्काउट-गाइड

**उदयपुर ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इस दौरान मतदान केन्द्र में विशेष योग्यजन एवं वरिष्ठजनों की सुविधार्थ उदयपुर के 2 हजार 265 मतदान केंद्रों पर 4 हजार 530 एनसीसी, एनएसएस स्काउट-गाइड के वोलियंटर्स अपनी सेवाएं देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वीसी में दिए गये निर्देशानुसार मतदान कर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले मतदाताओं को स्काउट-गाइड सैल्यूट करेंगे। सींओ स्काउट सुरेन्द्र पांडे ने बताया कि वॉलिंटियर्स मतदान के दिन वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं मतदान केंद्रों पर कतार प्रबंधन में सहयोग करेंगे, स्काउट-गाइड एवं एनसीसी के वॉलिंटियर्स अपनी-अपनी गणवेश में मौजूद रहेंगे। सभी अधिकारी मतदान केंद्रों पर छाया- पानी के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करेंगे तथा हैप्पी आवर्स में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करेंगे।

# मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान आया आगे

## मतदाता अंगुली पर स्याही दिखाकर होटल, रेस्टोरेन्ट, गेम जोन, स्पा में पा सकेंगे 10 से 50 प्रतिशत छूट, कुछ होटल-रेस्टोरेंट में 27-28 को भी मिलेगी छूट

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** आसन्न लोकसभा चुनाव के तहत जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पर्यटन विभाग एवं होटल एसोसिएशन भी अपनी महती भूमिका निभा रहे है। होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान की ओर से 26 अप्रेल मतदान के दिन एवं कुछ सदस्यों के यहाँ 27 व 28 अप्रैल को मतदाता अंगुली पर स्याही दिखाकर होटल, रेस्टोरेन्ट, गेम जोन, स्पा आदि में 10 से 30 प्रतिशत तक छुट प्राप्त कर सकते है।

स्वीप के डिस्ट्रिक्ट आइकन कुलदीप सिंह राव ने बताया कि लोकतंत्र के प्रति अपना फर्ज निभाकर अमिट स्याही का निशान दिखाने वाले मतदाताओं को 26 अप्रेल को एपिक ग्रीन की ओर से फूड पर 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि अशोक होटल में रूम पर 10 प्रतिशत, पंजाबी लजीज में फुड डाइन पर 10 प्रतिशत, कांकरवा हवेली में रूम पर 10 प्रतिशत, होटल पन्ना विलास में फुड पर 10 प्रतिशत, होटल श्री अमृत पैलेस में रूम पर 20 प्रतिशत, होटल वल्लभ दर्शन में रूम पर 20 प्रतिशत, होटल रिंगमोर में रूम 20 प्रतिशत, होटल सरगम सदन में रूम पर 20 प्रतिशत व फुड पर 10 प्रतिशत, पर्णकुटी होटल में रूम पर 25 प्रतिशत, होटल उदयगढ़ में रूम व फुड पर 15 प्रतिशत, रेनबो रेस्टोरेंट में फुड पर 15 प्रतिशत, होटल चरण कमल में रूम पर 10 प्रतिशत, द ओबेरॉय उदय विलास में फुड पर 10 प्रतिशत, ट्राईडेंट होटल में फुड पर 10 प्रतिशत, गजिबो रिजॉर्ट में रूम/फुड पर 20 प्रतिशत, रामी रॉयल रिजॉर्ट एंड स्पा में फुड पर 15 प्रतिशत व रूम पर 10 प्रतिशत, होटल अंजनी पैलेस में रूम पर 20 प्रतिशत, होटल रेवास में फुड पर 10 प्रतिशत, रेडिसन ब्लू उदयपुर में रूम/फूड पर 15 प्रतिशत व गेम जोन में 30 प्रतिशत, रेडिसन ग्रीन उदयपुर में फूड 30 प्रतिशत, रूम पर 15 प्रतिशत व स्पा पर 30 प्रतिशत, द अनंता उदयपुर में फूड पर 15 प्रतिशत, बड़लियास शाहपुरा होटल में फूड पर 30 प्रतिशत व रूम पर 20 प्रतिशत, ब्लूम बुटीक होटल में फूड पर 10 प्रतिशत व रूम पर 20 प्रतिशत, इन राइज सयाजी रिजॉर्ट उदयपुर में फूड 15 प्रतिशत व रूम पर 10 प्रतिशत, होटल नवजीवन पैलेस में रूम पर 30 प्रतिशत छूट रहेगी। वहीं 27 और 28 अप्रैल को ओरेका उदयपुर लेमन ट्री में फूड पर 15 प्रतिशत व रूम पर 10 प्रतिशत, रमाडा उदयपुर में फूड पर 15 प्रतिशत व रुम पर 10 प्रतिशत तथा ब्लूम बुटीक होटल में फूड पर 10 प्रतिशत व रूम पर 20 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं वसंत कुंज नेचर रिसोर्ट झिंडोली, होटल हिल विस्टा गोवर्धन विलास व रूद्रकृपा सुखेर में 28 अप्रेल तक फूड पर 20 से 25 प्रतिशत तथा होटल वात्सल्य व वैंकटेश में 28 अप्रेल तक फूड पर 20 प्रतिशत व रूफ टेरिफ पर 35 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा।

# नीमच मण्डी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न




पद्मावत मीडिया

**नीमच।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान प्रतिशत बढाने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को कृषि उपज मण्डी प्रांगण नीमच में मण्डी सचिव श्री उमेश बसेडिया की उपस्थिति में मण्डी के सभी कर्मचारियों और व्यापारियोंको आगामी 13 मई 2024 को मतदान दिवस पर मतदान केंद्र जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की शपथ दिलाई गई।

# कांग्रेस प्रत्याशी दिलीपसिंह गुर्जर ने भरा पर्चा कांग्रेसियों ने भाजपा को ललकारा

पद्मावत मीडिया






**मंदसौर।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर की नामांकन सभा में राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारक सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जीतु पटवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा एवं पूर्व सांसद मीनाक्षीजी नटराजन सहित वरिष्ठ नेताओं ने सहभागीता कर मंदसौर को कांग्रेसमय बना दिया। गांधी चैराहा मंदसौर पर आयोजित हुई नामांकन सभा में मंदसौर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेसजनो के साथ ही हजारो की संख्या में आम नागरिको ने सहभागीता करते हुये मंदसौर लोकसभा चुनाव में परिवर्तन का शंखनांद करते हुये कांग्रेस प्रत्याशी दिलीपसिंहजी गुर्जर को विजय बनाने का संकल्प लिया।

पूर्व उप मुख्यंत्री एवं कांग्रेस के स्टार प्रचाकर सचिन पायलट ने अपने सधे हुये गंभीर अंदाज मे कहा कि बार- बार भाजपा को संविधान के मामले में सफाई देनी पडती है जो साफ करता है कि दाल में कुछ न कुछ काला है। हमारी कांग्रेस ने सत्तर सालो तक सरकारे चलायी, हमने खून पसीने से देश के संवेधानिक ढांचे को मजबूत किया है किन्तु आज भाजपा विपक्ष मुक्त व्यवस्था चाहती है। एक साथ देश में 147 सांसदो को निलंबित कर दिया। हमारे दो-दो निर्वाचित मुख्यमंत्री जेला में बंद है। यह चुनाव लोकतंत्र की रक्षा का है, हमें मिलकर कांग्रेस को विजय बनाना है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एव पूर्व मंत्री जीतु पटवारी ने कहा कि मोदीजी एवं भाजपा के भाषण में वेज, नॉनवेज, हिन्दु, मुस्लिम, मंगलसुत्र बच्चे पैदा करो, मार काट के सिवा कोई कुछ भी नही बोला जा रहा है लेकिन यही भाजपा 2014 में काला धन वापस लाना की बात करते थे, दो करोड नोकरिया दिलाने की बात करते थे, पांच टिलीयन की अर्थव्यवस्था बनाने का दावा करते थे लेकिन अब दस साल सत्ता में रहने के बाद अपने काम के नाम पर वोट नही मांग पा रहे है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव, राज्य सभा सांसद श्री विवेक तन्खा , पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन कांग्रेस प्रत्याशी दिलीपसिंह गुर्जर| लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व मंत्री नरेन्द्र नाहटा, मंदसौर जिला प्रभारी अर्चना जायसवाल, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटील, पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल, जिला कांग्रेस एवं विधायक विपिन जैन, नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया प्रकाश रातडिया, समंदर पटेल, प्रवक्ता सुरेश भाटी, अजा विभाग जिलाध्यक्ष संदीप सलोद, संचालन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने किया व आभार नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री अनिल चौरसिया ने माना।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पद्मावत, प्रधान कार्यालय -गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित मो. 9594542679, e-mail padmavatmedia@gmail.com, web.padmavatmedia.in, नोट : (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा। उक्त ई- पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।